जमशेदपुर के एक्सएलआरआई में होगा पीओएमएस इंडिया चैप्टर कॉन्फ्रेंस-2023 का आयोजन

चर्चा में क्यों?

9 नवंबर, 2023 को झारखंड के पूर्वी सिंहभूम ज़िले के जमशेदपुर में स्थित शैक्षणिक संस्थान एक्सएलआरआई के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज ने बताया कि एक्सएलआरआई में चार से छह दिसंबर तक पीओएमएस इंडिया चैप्टर कॉन्फ्रेंस-2023 का आयोजन किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- इस तीन दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में भारत के अलावा यूएसए, यूके, चाईना, कोलंबिया व कनाडा के करीब 300 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं।
- इस कॉन्फ्रेंस में देश के लगभग सभी आईआईटी, आईआईएम, आईएसबी के साथ ही सभी बिजनेस स्कूल के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं, जो सतत विकास के लिये भविष्य में होने वाली परिकल्पना की थीम पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।
- इस दौरान करीब 160 पेपर प्रस्तुत किये जाएंगे। इस क्षेत्र में विद्वानों और उद्योग विशेषज्ञों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के साथ ही इनोवेशन के माध्यम वैश्विक स्तर पर कैसे बड़े सकारात्मक बदलाव किये जा सकते हैं, इस पर मुख्य रूप से मंथन होगा।
- एक्सएलआरआई के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज ने कहा कि यह अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस ना सिर्फ सप्लाई चैन मैनेजमेंट बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिहाज से भी काफी महत्त्वपूर्ण है। सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये यह सम्मेलन वैश्विक स्तर पर एक मंच के रूप में कार्य करता है, जिसमें शिक्षाविद, शोधकर्ता और व्यवसायी उत्पादन और संचालन में अंतर्दृष्टि और रणनीतियों का आदान-प्रदान करते हैं।
- इस बार कार्बन तटस्थता प्राप्त करने, सप्लाई चेन मैनेजमेंट में ईएसजी को बढ़ाने, सप्लाई चेन मैनेजमेंट में होने वाली क्राइसिस से निबटने के उपाय के साथ ही एडवांस टेक्नोलॉजी के माध्यम से विभिन्न समस्याओं के समाधान से निबटने के तरीके पर भी चर्चा की जाएगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/poms-india-chapter-conference-2023